राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 31 मई । राजस्थान सरकार के सार्वजनिक निर्माण मंत्री श्री भजनलाल जाटव ने आज प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ प्रातः 11.00 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर में जनसुनवाई की।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान श्री भजनलाल जाटव ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर प्रदेशभर से आये बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों एवं आम लोगों की समस्याओं को सुना तथा अधिकांश समस्याओं के तत्काल निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को फोन पर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए तथा शेष रहे प्रकरणों का समाधान अगली जनसुनवाई से पूर्व करने का आश्वासन दिया। उक्त मंत्री के साथ राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष श्री राजेन्द्र चौधरी, सचिव श्री महेन्द्रसिंह गुर्जर, श्री ललित यादव एवं श्री जियाउर रहमान मौजूद रहे।

चतुर्वेदी ने बताया कि कल दिनांक 01 जून, 2022 को होने वाली जनसुनवाई राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला में मंत्रीगण की भागीदारी के कारण स्थगित कर दी गई है।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter